दिनांक: 25.07.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम–2026 के प्रतिभागियों से संवाद करेंगे। यह कार्यक्रम माय भारत के माध्यम से आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य सीमावर्ती गांवों को विकसित भारत की यात्रा में सक्रिय भागीदार बनाना है। कार्यक्रम चार जून से 30 जून तक लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के 74 सीमावर्ती गांवों में आयोजित किया गया। इसमें देशभर से चयनित 400 से अधिक युवाओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने स्थानीय समुदायों के साथ रहकर स्वच्छता अभियान, सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता, सांस्कृतिक आदान–प्रदान, पौधारोपण और अन्य गतिविधियों में हिस्सा लिया।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आषाढ़ी एकादशी के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर जारी संदेश में उन्होंने कहा कि यह पर्व भक्ति और करुणा के शाश्वत संदेश का प्रतीक है। उन्होंने भगवान विठ्ठल से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और सद्भाव की कामना की। प्रदेश में भी आज देवशयनी एकादशी श्रद्धा और आस्था के साथ मनाई जा रही है। भरतपुर के बांके बिहारी मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजा–अर्चना हो रही है। श्रद्धालु गोवर्धन की **सप्तकोसीय** परिक्रमा भी कर रहे हैं। आज से चातुर्मास का भी आरंभ हो गया है। इसके साथ ही अगले चार माह तक विवाह सहित अन्य मांगलिक कार्य नहीं होंगे।

000

भरतपुर रेंज पुलिस ने प्रहार अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए 666 वांछित अपराधियों और असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विभिन्न मामलों में 157 नए प्रकरण दर्ज किये हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों में चार इनामी बदमाश और 12 कुख्यात अपराधी शामिल हैं। पुलिस महानिरीक्षक डॉ. प्रीति चंद्रा ने बताया कि भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर और डीग जिलों में एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों और जवानों की 303 टीमों ने लगभग 2 हजार स्थानों पर दबिश देकर यह कार्रवाई की।

000

प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान पूर्वी राजस्थान के कुछ स्थानों पर मध्यम से भारी तथा एक–दो स्थानों पर अतिभारी वर्षा दर्ज की गई। सबसे अधिक वर्षा सिरोही जिले की माउंट आबू तहसील में 20 सेंटीमीटर दर्ज की गई। इसके अलावा सिरोही में 9 सेंटीमीटर, श्रीगंगानगर जिले के

करणपुर में 8 सेंटीमीटर, सिरोही जिले के पिंडवाड़ा में 7 सेंटीमीटर तथा बाड़मेर जिले के बालोतरा और जोधपुर जिले के ओसियां में 6–6 सेंटीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। अजमेर जिले के जवाजा और सरवाड़ में भी 5–5 सेंटीमीटर बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार अधिकांश संभागों में अधिकतम तापमान सामान्य या सामान्य से नीचे बना हुआ है।

000

आईआईटी जोधपुर के शोधकर्ताओं ने मानव मस्तिष्क के काम करने के तरीके को समझने की दिशा में महत्वपूर्ण अध्ययन किया है। यह शोध भविष्य में मानसिक रोगों की शुरुआती पहचान, बेहतर उपचार, स्वस्थ वृद्धावस्था और ए.आई आधारित नई तकनीकों के विकास में उपयोगी हो सकता है। शोधकर्ताओं ने यह समझने का प्रयास किया है कि हमारा मस्तिष्क ध्यान, स्मृति, भावनाओं और अचानक आने वाले खतरों पर कैसे प्रतिक्रिया देता है। अध्ययन में यह भी पता चला है कि मस्तिष्क महत्वपूर्ण और गैर–जरूरी सूचनाओं में किस प्रकार अंतर करता है। शोध में शोर वाले वातावरण में बातचीत समझने और उम्र बढ़ने के साथ याददाश्त में होने वाले बदलावों का भी अध्ययन किया गया है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

---------------------

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 136वां एपिसोड होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी चैनलों, एआईआर न्यूज़ की वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। साथ ही, एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर इसका सीधा प्रसारण भी होगा।

000